## खबर संक्षेप

### सुबह टहलने निकले लोगों को नदी किनारे मिली लाश

**सतना।** जिले के जैतवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठरा गांव में गुरुवार सुबह एक व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में शव गांव के ही घलघला नदी के पास मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक रात को घर से करीब 12 बजे निकला था। लेकिन सुबह तक वापस नही लौटा,घटना की सूचना मिलते ही जैतवारा पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक,मृतक की पहचान कोठरा निवासी कौशलेंद्र सिंह उर्फ डब्लू उम्र 45 वर्ष पिता रामलखन सिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि कौशलेंद्र बुधवार रात को किसी काम से घर से बाहर निकले थे,लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। इसी बीच गुरुवार सुबह करीब 7 बजे जब गांव के कुछ लोग टहलने के लिए निकले,तो उन्हें कौशलेंद्र का शव नदी किनारे संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। शव मिलने की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने कौशलेंद्र की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। ग्रामीणों की सूचना पर जैतवारा थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुटी हुई है। पुलिस हत्या और हादसा,दोनों एंगल से मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

### कुएं से पानी भरते समय रस्सी टूटने से नाबालिक कुएं में गिरी, मौत



**सतना।** जिले के मझगवां कस्बे के आनंद मोहल्ला में एक नाबालिग की कुएं में गिरने से मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब वह कुएं से पानी भर रही थी। मृतका की पहचान 17 वर्षीय शिवानी साहू,पिता शंकर साहू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शिवानी अपने घर के पास कुएं से पानी भरने गई थी। भरी बाल्टी खींचते समय अचानक रस्सी टूट गई,जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह कुएं में गिर गई। चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने रस्से के सहारे शिवानी को कुएं से बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

### बाल रंग 2026 का आयोजन आज

**सतना।** सतना जिले में परंपरा अनुसार कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों के साथ बाल रंग होली का कार्यक्रम शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से सिविल लाइन के कलेक्टर निवास में आयोजित किया जायेगा। महिला बाल विकास विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित बाल रंग 2026 के कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देष दिये गये है।

### नागौद बाजार में भारी वाहनों की एंट्री प्रतिबंधित

**सतना।**नागौद में बढ़ते यातायात दबाव और संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नागौद अनिकेत शांडिल्य ने शहर में भारी वाहनों की नो इन्ट्री के आदेश जारी किये है। नागौद बाजार क्षेत्र में भारी वाहन,ट्रक तथा अन्य मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर निर्धारित समय के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार प्रातः 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों और व्यावसायिक मालवाहक वाहनों का बाजार क्षेत्र में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। शासकीय कार्य, आपातकालीन सेवाओं,दूध वाहन और पीडीएस से जुड़े वाहनों को विशेष परिस्थितियों में अनुमति दी जा सकती है। प्रशासन ने नागरिकों और वाहन चालकों से यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 और मध्यप्रदेश मोटरयान नियम 1994 के तहत कार्यवाही की जाएगी। अनुविभागीय दण्डाधिकारी नागौद द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नगर के प्रमुख मार्गों में सिंहपुर चौराहा से बाजार मार्ग,बस स्टैंड मार्ग,स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से जवाहर चैक मार्ग सहित अन्य मुख्य रास्तों पर निर्धारित समय के दौरान भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# होली का उल्लासः कहीं उड़ा गुलाल तो कहीं गूंजे फाग के सुर, प्रशासन और पुलिस ने भी जमकर मनाया जश्न







**सतना।**

विंध्य की धरा और सतना शहर में रंगों का महापर्व होली पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक उमंग के साथ मनाया गया। बुधवार को जहां आम नागरिकों ने अबीर-गुलाल से सराबोर होकर भाईचारे का संदेश दिया,वहीं अगले दिन पुलिस महकमे और जेल के बंदियों ने भी उत्सव की मस्ती में डूबकर त्योहार मनाया। प्रशासन की चाक-चौबंद सुरक्षा और ड्रोन की निगरानी के चलते पूरा उत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

### सेमरिया चौक पर बरसा रंग,डीजे की धुन पर थिरके युवा

होली के दिन शहर का सेमरिया चौक आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। यहाँ विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा सार्वजनिक होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्सव का आलम यह था कि पानी के टैंकरों में रंग घोलकर लोगों पर बौछारें की गईं। डीजे पर बजते भक्तिमय और फिल्मी गानों के बीच युवाओं ने 'जय श्रीराम' के उद्घोष के साथ जमकर नृत्य किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी।

### ड्यूटी के बाद पुलिस की 'मस्ती': 'खलनायक' से 'चिकनी चमेली' तक का सफर

जिले को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी निभाने के बाद गुरुवार को पुलिस लाइन में खाकी का एक अलग ही रूप देखने को मिला। पुलिस कप्तान हंसराज सिंह और एडिशनल एसपी ने 'चिकनी चमेली' जैसे गानों पर थिरक कर जवानों का उत्साह बढ़ाया। वहीं,युवा आरक्षकों ने 'मैं हूं खलनायक' जैसे बॉलीवुड गानों पर जमकर डांस किया। लगभग दो घंटे तक चले इस समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच अनुशासन के साथ-साथ गहरी आत्मीयता भी नजर आई।

### कलेक्टर बंगले पर फाग की तान, प्रशासनिक मेल-मिलाप

प्रशासनिक गलियारों में भी होली का रंग गहरा दिखा। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के निवास पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया,जहाँ फाग गीतों की प्रस्तुति ने समां बांध दिया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने परिवारों के साथ पारंपरिक गीतों पर थिरकते हुए एक-दूसरे को तिलक लगाया। शहर के अन्य सामाजिक संगठनों ने भी मिलन समारोहों के जरिए आपसी सौहार्द की मिसाल पेश की।

### जेल में 'मथुरा-वृंदावन' जैसा नजारा

होली का उल्लास केवल शहर की सड़कों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि केंद्रीय जेल की सलाखों के पीछे भी रंग बरसे। जेल अधीक्षक लीना कोस्टा के नेतृत्व में बंदियों के लिए विशेष आयोजन किया गया। जेल परिसर में मथुरा-वृंदावन जैसा माहौल नजर आया,जहाँ बंदियों ने ढोलक,झांझ और मजीरे की थाप पर फाग गाए। जेल स्टाफ ने बंदियों पर फूलों और गुलाल की वर्षा की,ताकि उन्हें घर से दूर होने का अहसास न हो और वे मुख्यधारा से जुड़ने की प्रेरणा ले सकें।

### सुरक्षा के कड़े इंतजामः ड्रोन से रखी गई नजर

त्योहार के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो,इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। शहर के हर प्रमुख चौराहे और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात किया गया था। जमीन पर गश्त के साथ-साथ ड्रोन कैमरों के जरिए आसमान से भी हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखी गई। पुलिस की इस सक्रियता का परिणाम रहा कि जिले में कहीं से भी किसी बड़े विवाद की सूचना नहीं मिली।

## होली की खुशियों में घुला जहर,दो पक्षों में खूनी संघर्ष; जमकर चले लाठी-डंडे और पत्थर

### कोलगवां के टिकुरिया टोला में तनाव:भाजपा पार्षद समेत 10पर एफआईआर,पार्षद गिरफ्तार; प्रजापति परिवार के घर में घुसकर हमला और तोड़फोड़

**सतना।** शहर के कोलगवां थाना अंतर्गत टिकुरिया टोला क्षेत्र में बुधवार को होली के उल्लास के बीच दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। डाली बाबा मार्ग पर हुए इस विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि देखते ही देखते पत्थरबाजी और लाठी-डंडे चलने लगे। उपद्रवियों ने एक घर में घुसकर जमकर तांडव मचाया और वाहनों में तोड़फोड़ की। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए भाजपा पार्षद गोल्डी मलिक समेत 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पार्षद को गिरफ्तार कर लिया है।

**गाली-गलौज का विरोध पड़ा भारी-** जानकारी के अनुसार,विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब हरिजन बस्ती के कुछ युवक नशे की हालत में सड़क पर गाली-गलौज कर रहे थे। जब ये लोग प्रजापति परिवार के घर के सामने पहुंचे,तो परिवार के एक युवक ने उन्हें सार्वजनिक स्थान पर अभद्रता करने से मना किया।यही टोकना नशे में धुत युवकों को नागवार गुजरा। पहले दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई,जो कुछ ही देर में हिंसक संघर्ष में बदल गई।

**घर में घुसकर हमला,गाड़ियां और मीटर तोड़े-** प्रत्यक्षदर्शियों और पीड़ित परिवार के अनुसार,विवाद के बाद आरोपियों ने भीड़ इकट्ठा कर ली और प्रजापति परिवार के घर पर धावा बोल दिया। सैकड़ों की संख्या में आए उपद्रवियों ने घर पर पथराव किया और लाठी-डंडों से परिजनों के साथ मारपीट की। हमले में घर के बाहर खड़ी चार गाड़ियाँ बुरी



तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और बिजली का मीटर भी तोड़ दिया गया। मौके पर एक बाइक पत्थरों और पट्टियों के प्रहार से चकनाचूर मिली।

**पार्षद समेत 10 पर एफआईआर-** घटना की सूचना मिलते ही कोलगवां थाना पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

**इन पर दर्ज हुआ मुकदमा-** पुलिस ने भाजपापार्षद गोल्डी मलिक के अलावा रजित महतो,सुमित मलिक,समीर मलिक,सागर मलिक, रजत मलिक,लकी समुन्द्रे,बिट्टू मलिक,राहुल मलिक और गोलू मलिक को नामजद आरोपी बनाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ की धारा 296(ए), 115(2), 333, 324(4), 351(3) और 3/5 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। टीआई सुदीप सोनी ने बताया कि भाजपा पार्षद को गिरफ्तार कर लिया गया है और शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

**क्षेत्र में तनाव,पुलिस बल तैनात-** बुधवार को हुई इस घटना के बाद से टिकुरिया टोला और डाली बाबा मार्ग क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। एहतियात के तौर पर इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी असामाजिक तत्व को कानून व्यवस्था बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### बकाया करों की वसूली के लिए नगर निगम सख्तः तीन संपत्तियों पर हुई कार्यवाही

**सतना।** नगर पालिक निगम आयुक्त डॉ.शेर सिंह मीना के निर्देशानुसार,संपत्तिकर एवं अन्य करों की वसूली के लिए आज निगम प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाया गया। लंबे समय से करों का भुगतान न करने वाले बकायादारों के विरुद्ध नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा-175 के अंतर्गत विधि सम्मत कार्यवाही करते हुए संपत्तियों की कुर्की की गई।

**इन संपत्तियों पर हुई कार्यवाही-** राजस्व विभाग की टीम ने आज वार्ड क्रमांक 31 में बड़ी कार्यवाहियां कीं। बकायादार में वार्ड 31 के अमृत प्रार्थना मैरिज गार्डन (प्रो.राम अग्रवाल) 4,99,721 रुपए और रामसुन्दर तिवारी (तनय मकसूदन तिवारी) है।

**मौके पर हुई कर की वसूली-** कार्यवाही के दौरान वार्ड क्रमांक 31 के ही एक अन्य बकायादार कालीचरण लढ़िया तनय हजारीलाल लढ़िया ने कार्यवाही से बचते हुए मौके पर ही 1,15,907 रुपये का चेक निगम अधिकारियों को सौंपकर अपना बकाया कर जमा कराया। उक्त कार्यवाही राजस्व अधिकारी युसुफ खान के नेतृत्व में संपन्न हुई। टीम में संपत्तिकर शाखा से राजस्व निरीक्षक रमेश कुमार मिश्रा,उप राजस्व निरीक्षक अनुराग सिंह परिहार सहित अतिक्रमण दस्ता एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।






## प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड में 55वॉ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया





**सतना।**

प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड परिसर मे 55वॉ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस हर्ष उल्लास के साथ बड़ी संख्या में फैक्ट्री के कर्मचारी व अधिकारियों की उपस्थित में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुरक्षा ध्वजा रोहण मुख्य अतिथि मनीष कुमार सिंह (प्रेसीडेन्ट एंड प्लांट हेड),डॉ.मनीष कुमार सिन्हा (हेड एचआर एम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर),अमित बिहानी (हेड एकाउण्ट्स एंड फाइनेंस) की उपस्थिति में किया गया। इसके पश्चात सुरक्षा वाचन कर सभी वरिष्ट अधिकारियों,कर्मचारियों एवं कामगार भाइयो को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात प्रताप देशमुख तथा उनकी टीम के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कंपनी के डीजीएम सी.एस.आर. एंड पीआर देवेन्द्र मिश्रा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुये बताया कि मुख्य अतिथि मनीष कुमार सिंह (प्रेसीडेन्ट एंड प्लांट हेड) ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुरक्षा तीन की,साथी सुरक्षा मशीन की। असावधानी ही दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण है। उन्होने सुरक्षित कार्य निर्देशों और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण तथा एस.ओ.पी. का पूर्णतः पालन करने का आह्वान किया,जिससे किसी भी संभावित दुर्घटना को टाला जा सके। डॉ.मनीष कुमार सिन्हा (हेड एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर) ने कहाकि की गुणवत्ता की जॉच और निरंतर सुधार पर जोर देते हुये कहा कि हमें अपनी सुरक्षा के साथ-साथ अपने सहकर्मियों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिये। जब हमारे साथी एवं सहयोगी सुरक्षित रहेंगे तभी हमारा कारखाना भी सुरक्षित रहेगा।उन्होने आगे कहा कि कि समाज के प्रत्येक वर्ग का अधिकार है कि वह सुरक्षित वातावरण में कार्य करे।अमित बिहानी (एवीपी एकाउण्ट्स एंड फाइनेंस) ने कहा कि सुरक्षा हमारा परम कर्तव्य है इसके लिए सभी कर्मचारियों को हमेशा सुरक्षित कार्य प्रणाली अपनाकर कार्य करने के लिए सलाह दी। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न सुरक्षा प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था जिसमे सभी स्थाई कर्मचारियों,ठेका श्रमिको तथा उनके परिवारजनो के अलावा स्कूली बच्चो ने भी बढ-चढ कर हिस्सा लिया। चयनित प्रविष्ठियों को पुरस्कार भी प्रदान किये गये। इस कार्यक्रम में फायर मॉकड्रिल का सफल प्रदर्शन सेफ्टी, सिक्योरिटी, मेडिकल एवं पर्सनल विभाग द्वारा किया गया। विपिन कुमार,महाप्रबंधक सेफ्टी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन किया गया।










**खबर संक्षेप**

## होली पर पूरी रात जागते रहे वन कर्मी, जंगल और वन्य जीवों की सुरक्षा रही प्राथमिकता





### होलिका दहन के अवसर पर सभी वन परिक्षेत्रों में विशेष रात्रि गश्त, वनाग्नि एवं शिकार रोकने हेतु सघन निगरानी

**पन्ना**। दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत होली एवं होलिका दहन के अवसर पर वनाग्नि की संभावनाओं तथा वन्यजीव शिकार की रोकथाम हेतु विशेष रात्रि गश्ती अभियान संचालित किया गया। वनमण्डल के सभी वन परिक्षेत्रों, सर्किलों एवं बीट क्षेत्रों में वनकर्मियों, समिति सदस्यों तथा सुरक्षा श्रमिकों की संयुक्त टीमों ने पूरी रात सक्रिय रहकर संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी की। गश्ती दलों द्वारा वन सीमा से लगे ग्रामों में पेट्रोलिंग, जल स्त्रोतों एवं विद्युत लाइनों की जांच, जंगल के भीतर मार्गों की सर्चिंग तथा जिला सीमा क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती गई। रात्रिकालीन भ्रमण के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए ग्रामीणों को भी वनाग्नि रोकथाम एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। होली के दौरान वन क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता अत्यंत आवश्यक होती है, क्योंकि होलिका दहन, खुले में जलती आग, अलाव या असावधानी से छोड़ी गई चिंगारियां तेजी से वनाग्नि का रूप ले सकती हैं। त्योहार के समय मानव गतिविधियों में वृद्धि के कारण जंगलों में अनधिकृत प्रवेश तथा वन्यजीव शिकार की आशंका भी बढ़ जाती है। इन संभावित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा विशेष रात्रि गश्त, अग्निशमन दलों को अलर्ट मोड पर रखने तथा संवेदनशील स्थलों पर सतत निगरानी सुनिश्चित की गई। वन विभाग ने आमजन एवं ग्रामीणों से अपील की है कि पर्व-त्योहार के दौरान वन क्षेत्रों के आसपास आग का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें तथा किसी भी प्रकार की वनाग्नि या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें। विभाग के अनुसार स्थानीय समुदाय की सहभागिता और सतर्कता से ही वन संपदा एवं वन्यजीवों की प्रभावी सुरक्षा संभव है।

### राधिका मंदिर में रात्रि जागरण, सुबह फूलों और अमीर गुलाल की होरी से सराबोर हुआ पन्ना धाम

# पन्ना में बसता है ब्रज और बरसाना का अलौकिक रंग

**पन्ना**। जब देशभर में होली की आहट सुनाई देती है, तब मंदिरों का शहर पन्ना किसी साधारण नगर की तरह नहीं, बल्कि साक्षात ब्रज और बरसाना की छवि में ढल जाता है। यहां की होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि कृष्ण-राधा भक्ति की जीवंत परंपरा है, जिसमें आस्था, संगीत और संस्कृति एक साथ रंग बिखेरते हैं।





**किलकिला तट पर बसा 'बरसाना', धाम में सजी 'बृजभूमि'**

**पन्ना** धाम में किलकिला नदी के समीप स्थित श्री महारानी जी (राधिका जी) का मंदिर श्रद्धालुओं के लिए बरसाना का प्रतीक है। वहीं दूसरी ओर श्री प्राणनाथ जी का मंदिर क्षेत्र बृजभूमि की अनुभूति कराता है। प्रणामी सम्प्रदाय के प्रमुख तीर्थ के रूप में प्रसिद्ध यह धाम हर वर्ष फाल्गुन मास में ब्रज संस्कृति का सजीव रूप प्रस्तुत करता है। प्रणामी सम्प्रदाय के अनुयायियों के लिए यह स्थल गहन आस्था का केंद्र है, जहां श्री प्राणनाथ जी को पूर्णब्रह्म परमात्मा के रूप में पूजा जाता है और राधिका रानी के साथ दिव्य लीलाओं का भाव जगाया जाता है।

**ब्रज की धमार, बरसाने की होरी**

होलिका दहन के एक दिन पूर्व राधिका मंदिर में विशेष श्रृंगार के साथ रात्रि जागरण हुआ। भोग के पश्चात मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और फाग गायन प्रारंभ हुआ। "मोहन खेलत होरी..." और "गोकुल सकल ग्वालिन घर-घर खेलें फाग..." जैसे पारंपरिक धमार गीतों ने वातावरण को वृन्दावन की सुरमयी छटा से भर दिया। रात भर सखियों के भाव में डूबे भक्त राधिका जी को फाग खेलने का आमंत्रण देते रहे। यह दृश्य मानो बरसाना और वृन्दावन की होरी का सजीव प्रतिबिंब हो।

**सुबह खिली फूलों की होली**

रात्रि जागरण के बाद प्रातःकाल फूलों और अमीर गुलाल की होली खेली गई। मंदिर प्रांगण गुलाबी, केसरिया और लाल रंगों से आच्छादित हो उठा। भक्तों ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। यहां की होली में न तो केवल रंगों की धूम है और न ही केवल रस्मों का निर्वहन, बल्कि यह राधा-कृष्ण के दिव्य मिलन की भावाभिव्यक्ति है।

**देशभर से उमड़ती आस्था**

हर वर्ष की तरह इस बार भी देश के विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पन्ना धाम पहुंचे हैं। कई श्रद्धालु तो विशेष रूप से ब्रज की होली का अनुभव लेने आते हैं, और पन्ना में उन्हें वही रस, वही उल्लास और वही आध्यात्मिक आनंद प्राप्त होता है। फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा तक यहां दण्ड स्थापना से लेकर होलिका दहन और रंगोत्सव तक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलती रहती है। पन्ना की यह होली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ब्रज संस्कृति की वह जीवंत परंपरा है जो मध्यप्रदेश की धरती पर भी उसी आस्था और उल्लास के साथ आज तक संरक्षित है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान 2.0, 19 को होगा अभियान का शुभारंभ



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए की समीक्षा**

**पन्ना**। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष भी हिन्दू नववर्ष के शुभारंभ अवसर पर गुडी पड़वा 19 मार्च से प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए जल गंगा संवर्धन अभियान 2.0 के दृष्टिगत समस्त जिला कलेक्टर्स के साथ तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री द्वारा भी अभियान के कार्यों और गांव में ही जल संचयन के उद्देश्य से विभिन्न कार्यों के संबंध में निर्देश दिए गए। इस मौके पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर ऊषा परमार एवं वनमंडल अधिकारी दक्षिण अनुपम शर्मा सहित परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह परिहार एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में जन भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण को आंदोलन का स्वरूप देने, प्रदेश से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थलों पर जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से समृद्धि व विकास की कार्ययोजना तैयार करने, जल संरक्षण के विविध कार्य तथा पौधरोपण की तैयारी इत्यादि के लिए निर्देशित किया गया।





## वन कर्मियों ने घायल चीतल का किया सफल रेस्क्यू, उपचार के बाद सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया

**पन्ना**। दक्षिण पन्ना वनमण्डल के वन परिक्षेत्र शाहनगर अंतर्गत ग्राम आमा में एक घायल चीतल पाए जाने की सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर उसका सुरक्षित रेस्क्यू किया। प्राथमिक जांच के उपरांत पशु चिकित्सक द्वारा चीतल का आवश्यक उपचार एवं देखभाल सुनिश्चित की गई, जिससे उसकी स्थिति में शीघ्र सुधार हुआ। चिकित्सकीय उपचार के बाद चीतल के पूर्णतः स्वस्थ होने पर उसे पुनः सुरक्षित रूप से प्राकृतिक आवास (जंगल) में छोड़ दिया गया। इस रेस्क्यू प्रयास का क्रियान्वयन वन परिक्षेत्र अधिकारी शाहनगर राजुल कटारे के निर्देशन में किया गया। प्रयास में परिक्षेत्र सहायक राम सरोवन पांडे, बीट गार्ड कुनिया रजनीश दुबे, बीट गार्ड रोहनिया सुशील कुमार वर्मा, स्थायी कर्मी राजेश कुमार लखेरा, केशव प्रसाद बर्मन तथा सुरक्षा श्रमिक हनुमत सिंह की सक्रिय सहभागिता रही। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई, समन्वित टीमवर्क एवं संवेदनशीलता के कारण एक वन्यजीव का जीवन सुरक्षित बचाया जा सका। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस सराहनीय कार्य के लिए वन विभाग की टीम की प्रशंसा की तथा वन्यजीव संरक्षण के प्रति सहयोग का विश्वास व्यक्त किया।

## होली के पर्व पर जिला प्रशासन के मुखिया ने जिले में तहसीलदारों को उनकी जिम्मेदारियों के साथ सौंपी कमान

### अजयगढ़ तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार यथावत अजयगढ़ वहीं पवई की जिम्मेदारी रत्नराषि पाण्डेय को सोंपी गई

**पन्ना**। प्रषासनिक दृष्टि से जिला प्रषासन के मुखिया कलेक्टर ऊषा सिंह परमार ने 05 मार्च को जहां नवीन आदेष जारी किया गया इसके पहले 02 मार्च 2026 को जो आदेष जारी किया गया था उसमें संषोधन करते हुये प्रषासकीय कार्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुये श्रीमती रत्नराषि पाण्डेय जिनका स्थानान्तरण गुनौर से अजयगढ़ तहसील किया गया था वहीं इसमें नवीन आदेष के तहत अब इनका स्थानान्तरण तहसीलदार अजयगढ़ नहीं बल्कि पवई की जिम्मेदारी का दायित्व तहसीलदार के रूप में जाना जायेगा। वहीं सुरेन्द्र कुमार अहिरवार जो अजयगढ़ से गुनौर के लिये स्थानान्तरण किया गया था इनका स्थानान्तरण पुनः यथावत अजयगढ़ में ही जिम्मेदारी के रूप में दायित्व संभालने के लिये जिम्मेदारी सोंपी गई है। वहीं त्रिलोक सिंह पोसाम का स्थानान्तरण पवई से गुनौर को लेकर पदस्थापना संबंधी आदेष जारी किया गया है। यह आदेष विगत दिवस 05 मार्च 2026 को कलेक्टर ऊषा परमार के द्वारा जारी किया गया तथा यह आदेष तत्काल प्रभाव से प्रभावषील होगा।





इस तरह से जहां होली के पर्व पर जिला प्रषासन के मुखिया ने तहसीलदारों को नई जिम्मेदारियों के साथ कमान सोंपी है निष्चित ही राजस्व विभाग में सबसे बड़ी जिम्मेदारी तहसीलदारों की होती है क्योंकि जमीनी स्तर पर जिन्हें हर तरह से प्रषासन की मंषा के अनुसार क्रियान्वयन के साथ लाईन आर्डर का पालन कराना आपकी प्रमुख जिम्मेदारी होती है। राजस्व विभाग वैसे भी समस्त विभागों का राजा विभाग माना जाता है क्योंकि आपको ही अपने विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों में भी दायित्वों का निर्वाहन हर समय तत्परता के साथ कर्तव्य रूप में निर्वाहन को लकर जिम्मेदारी निभानी होती है। साथ ही आम जनता के साथ भी समन्वय वहीं वर्तमान समय में सीधा से जनता से संवाद जो तहसील से लेकर सव खेत तक कहीं न कहीं तहसीलदार के रूप में महती जिम्मेदारी तो होती ही है वहीं हर क्षण प्रषासन के मुखिया के तौर पर जमीनी स्तर पर कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में एसडीएम के प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार ही जमीनी स्तर पर प्रषासन की भूमिका को समय पर अंजाम देते है। जिससे राजस्व विभाग की एक बड़ी जिम्मेदारी तहसीलदारों के ऊपर निर्भर करती है। वहीं जिले में यह आदेष इनके कर्तव्यों के निर्वाहन के लिये विष्वास की राह तय करेगा ऐसा माना जा रहा है। जिला प्रषासन के मुखिया जो संवेदनषीलता के साथ जिले में विकास के साथ-साथ म0प्र0 सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर आम जनता के लिये लाभ की दिषा तय करने को लेकर तत्पर है। शायद यही कारण है कि होली के पर्व के दौरान रंगों की होली में तहसीलों में नवीन आदेष पदस्थापना को लेकर तहसीलदारों के लिये जहां यह दायित्व निर्वाहन के लिये एक बड़ी जिम्मेदारी सफल आयाम तय करने को लेकर मानी जा रही है।



## बहिनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर की लंबी आयु की कामना

**पवई**। हर वर्ष चौत्र महीने की कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। इसे भ्रात द्वितीय भी कहा जाता है। यह पावन पर्व भाई बहन के अटूट स्नेह और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। इस दिन बहिनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु,उत्तम स्वास्थ्य और सुख समृद्धि की कामना करती हैं। इसी के तहत पवई नगर सहित क्षेत्र में भी भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,छोटी छोटी बहिनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया,मिठाई खिलाई और उनकी सुख समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहिनों को उपहार देते हुए सदैव उनकी रक्षा करने का वचन दिया।

## गुनौर में धर्म की बही बयार, आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी का हुआ भव्य मंगल प्रवेश

**गुनौर। बुंदेलखंड की धरा गुनौर में आज इतिहास रचा गया। आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज, विंध्य श्री माता जी और विशाल साधु संघ के सानिध्य में श्पंचकल्याणक प्रतिष्ठा विश्वशांति महायज्ञ एवं गजरथ महोत्सवश का शंखनाद हो चुका है।**

डिघौरा से गुनौर तक आस्था का कारवां आज सुबह का दृश्य अत्यंत अलौकिक था। प्रातः 6:00 बजे आचार्य श्री और संघ ने डिघौरा ग्राम से विहार (प्रस्थान) किया। इस दौरान श्रद्धालुओं का हुजूम उनके साथ चल रहा था। प्रातः 8:00 बजेरू जैसे ही मंगल विहार गुनौर की सीमा में पहुंचा, वहां पहले से पलकें बिछाए खड़े हजारों श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ संघ की भव्य आगवानी की।



**गुनौर में उमड़ा जनसैलाब**

आगवानी के दौरान पूरा गुनौर ष्आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज की जयष के उद्घोष से गूंज उठा। जगह-जगह रंगोली, तोरण द्वार और पुष्प वर्षा के साथ मुनिराजों और माता जी का स्वागत किया गया। बैंड-बाजों और भक्ति गीतों की धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं ने वातावरण को धर्ममय बना दिया।

**10 तक महामहोत्सव**

आयोजन समिति के अनुसार, यह विश्वशांति महायज्ञ और गजरथ महोत्सव 10 मार्च तक चलेगा। इन दिनों में गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और मोक्ष कल्याणक की विभिन्न मांगलिक क्रियाएं संपन्न होंगी। प्रतिदिन अभिषेक, शांतिधारा, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें देश भर से श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। क्षेत्रवासियों के लिए यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि विश्व शांति की कामना का एक महान अनुष्ठान भी है।



## पवई रेंज ऑफिसर ने दुर्लभ सारस क्रेन का किया अवलोकन

**पन्ना**। दक्षिण पन्ना वनमण्डल के पवई वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटना खम्परिया क्षेत्र में वन परिक्षेत्र अधिकारी नितेश पटेल द्वारा सारस क्रेन (ैंतने बंदम) का सफलतापूर्वक अवलोकन एवं फोटोग्राफी की गई। यह पक्षी अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (प्न्ब्छ) की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त (टनसदमतंइसम) श्रेणी में सूचीबद्ध है, जिससे इसका संरक्षण विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। क्षेत्र में इस दुर्लभ पक्षी की उपस्थिति स्थानीय आर्द्रभूमियों एवं प्राकृतिक आवास की बेहतर पारिस्थितिक स्थिति का संकेत है। सारस क्रेन विश्व का सबसे ऊंचा उड़ने वाला पक्षी माना जाता है, जिसकी ऊंचाई लगभग 5 से 6 फीट तक होती है। यह पक्षी अपनी आजीवन जोड़ी (चंपत इवदकपदह) के लिए प्रसिद्ध है तथा प्रजनन काल में जोड़े द्वारा किया जाने वाला समन्वित नृत्य प्रकृति के सबसे आकर्षक दृश्यों में से एक माना जाता है। भारत में इसे शुभता एवं वैवाहिक निष्ठा का प्रतीक भी माना जाता है और ग्रामीण परंपराओं में इसका विशेष सांस्कृतिक महत्व है। सारस क्रेन सामान्यतः दलदली क्षेत्रों, खेतों एवं जल स्रोतों के आसपास निवास करता है और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रजाति की उपस्थिति से यह संकेत मिलता है कि क्षेत्र में जल, भोजन एवं सुरक्षित आवास की उपलब्धता संतोषजनक है। वन विभाग द्वारा ऐसे महत्वपूर्ण वन्यजीवों के संरक्षण एवं उनके आवासों की सुरक्षा हेतु सतत निगरानी एवं जनजागरूकता प्रयास जारी हैं।

## विधायक कार्यालय में होली मिलन समारोह
# होरी गायन से गूंजा माहौल



**अमानगंज**। होली पर्व के अवसर पर अमानगंज स्थित विधायक कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सहित पार्टी कार्यकर्ता और क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। समारोह में पारंपरिक होरी गायन का विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें कलाकारों ने होली के लोकगीत प्रस्तुत कर माहौल को रंगीन और उत्साहपूर्ण बना दिया। विधायक ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार प्रेम, एकता और आपसी सद्भाव का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन समाज में भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। समारोह में पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे और सभी ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ होली पर्व का आनंद लिया।

### जुआ के विरुद्ध पन्ना पुलिस की लगातार प्रभावी कार्यवाही

## श्री जी रेस्टोरेन्ट, देवेन्द्रनगर के कमरे में चल रहे जुए के फड़ पर दबिश, 7 आरोपी गिरफ्तार

### नगदी, 7 मोबाइल एवं पावरबैंक सहित कुल 1,19,500/- का मशरूका जप्त

**पन्ना**। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले में जुआ एवं सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान सतत रूप से चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारियों को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में दिनांक 04.03.2026 को थाना देवेन्द्रनगर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए कस्बा देवेन्द्रनगर स्थित श्रीजी रेस्टोरेन्ट के कमरे में संचालित जुए के फड़ पर दबिश देकर 07 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। मामले में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उपनिरीक्षक संतोष सिंह यादव को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति श्रीजी रेस्टोरेन्ट के कमरे में ताश के पत्तों से रुपयों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ (मन्ना) खेल रहे हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए निर्देशानुसार पुलिस टीम गठित की गई। थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई, जहाँ आरोपी ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर मौके से 07 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना देवेन्द्रनगर में संबंधित धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



**जप्त सामग्री -** 19,500/- नगद, 07 नग मोबाइल फोन एवं 01 नग पावरबैंक (कीमती लगभग 1,00,000/-) कुल जप्त मशरूकारू 1,19,500/- (एक लाख उन्नीस हजार पाँच सौ रुपए)

**आरोपीगण -** 01.संतोष गुप्ता पिता परमलाल गुप्ता, उम्र 45 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 03 देवेंद्रनगर 02. शेष अग्रवाल पिता रामविशाल अग्रवाल, उम्र 49 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 12 देवेन्द्रनगर, 03. सोबित जैन पिता सुभाष जैन, उम्र 20 वर्ष, निवासी वार्ड बत. 12 देवेन्द्रनगर, 04. राहिल जैन उर्फ शनि जैन पिता चक्रेश कुमार जैन, उम्र 31 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 11 सतना रोड देवेन्द्रनगर, 05. मो. फाजुल उर्फ रानू पिता स्व. बब्बू खान, उम्र 36 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 11 सतना रोड देवेन्द्रनगर, 06. पुष्पेन्द्र उर्फ बंटी जैन पिता स्व. महेन्द्र कुमार जैन, उम्र 46 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 03 देवेन्द्रनगर, 07. कल्लू उर्फ नितिन जैन पिता जयकुमार जैन, उम्र 41 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 10 देवेन्द्रनगर।

**सराहनीय योगदान-** उपनिरीक्षक संतोष सिंह यादव, सउनि. सज्जन प्रसाद प्रजापति, प्र.आर. धीरेन्द्र सिंह, शंकर सिंह बुंदेला, लक्ष्मी नारायण यादव, सत्येंद्र बागरी, आनन्द बागरी, आरक्षक बृजेंद्र, अंकित, रोहित, दिनेश, अमित एवं पुष्पेंद्र जाट का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक भाईदूज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया

**बहनों ने भाइयों का तिलक कर की लंबी उम्र की कामना, भाइयों ने दिए उपहार**

**छतरपुर।** देश के साथ जिले में भी भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक भाई दूज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही घरों में पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया था। बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार थाली सजाकर भाइयों का तिलक किया और आरती उतारी। इसके बाद भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपना स्नेह व्यक्त किया। शहर के बाजारों में भी सुबह से रौनक देखने को मिली। मिठाई और उपहार की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। परिवारों में इस पर्व को लेकर खास उत्साह नजर आया और लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर पर्व की बधाई दी।

# खेत के पेड़ काटने के विवाद में किसान पर कुल्हाड़ी-लाठी से हमला



**छतरपुर।** जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के गर्रा पुरवा गांव में आज सुबह करीब 10 बजे एक गंभीर मारपीट की घटना सामने आई है। 56 वर्षीय किसान हरचरण कुशवाहा निवासी गर्रा पुरवा पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, घटना खेत में पेड़ काटने को लेकर विवाद के कारण हुई। हरचरण कुशवाहा ने आरोपियों को पेड़ काटने से मना किया था, जिस पर विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने उन पर लाठियों व कुल्हाड़ी से बेरहमी से हमला कर दिया। पीड़ित के परिजनों ने बताया कि हमलावरों की संख्या आधा दर्जन से ज्यादा थी और उन्होंने जानलेवा हमला किया।

घटना के बाद डायल 112 के माध्यम से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। गढ़ीमलहरा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

## बकस्वाहा में सड़क हादसा: घंटों एंबुलेंस का इंतज़ार करते रहे घायल के परिजन



**बकस्वाहा।** गुगवारा मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे ने एक बार फिर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को उजागर कर दिया है। आगारा निवासी राजेंद्र अहिरवार अपनी ससुराल गुगवारा जा रहे थे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही डायल 112 की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकस्वाहा लाया गया, लेकिन वहां न तो कोई डॉक्टर मौजूद था और न ही एंबुलेंस की कोई व्यवस्था उपलब्ध थी। राजेंद्र दर्द से तड़पते रहे, जबकि उनके परिजन अस्पताल परिसर में मदद की गुहार लगाते रहे। करीब एक घंटे तक उचित उपचार और रेफर की कोई व्यवस्था नहीं हो सकी।

परिजनों ने जब जिले के अधिकारियों से शिकायत की, तब कहीं जाकर एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई। इसके बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पूरे घटनाक्रम के दौरान घायल और उनके परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस घटना से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गहरी नाराजगी व्याप्त हो गई है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि आपातकालीन स्थिति में भी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध न होना कितना खतरनाक है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर लोगों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# देर रात गुटखा देने से मना करने पर दुकानदार के घर पथराव और फायरिंग

**दारू माफिया के गुर्गों ने परिवार को लाठियों-डंडों से पीटा, तीन घायल; वीडियो हुआ वायरल**



**छतरपुर।** जिले के बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम झमटुली में देर रात दबंगई का एक खौफनाक मामला सामने आया है। एक किराना दुकानदार ने देर रात गुटखा और सिगरेट देने से इंकार कर दिया तो शराब माफिया से जुड़े आरोपियों ने उसके घर पर पथराव, फायरिंग और मारपीट की। इस घटना में दुकानदार, उसकी पत्नी और बेटे को गंभीर चोटें आईं। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम झमटुली निवासी बिसला अहिरवार गांव में अपनी किराने की दुकान चलाते हैं। बीती रात लगभग 12 बजे राणा सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डरू पटेल सहित कुछ अन्य लोग उनके घर पहुंचे। उन्होंने गेट खटखटाकर राजश्री गुटखा और सिगरेट मांगते हुए दुकान खोलने की मांग की। दुकानदार ने देर रात होने के कारण दुकान न खोलने की बात कही तो आरोपी भड़क उठे।

आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की, फिर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। इसके बाद उन्होंने घर पर जमकर पथराव किया और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की। हंगामा सुनकर दुकानदार का बेटा अरविंद और पत्नी दस्सी बीच-बचाव के लिए आए तो आरोपियों ने उन पर भी बेरहमी से लाठी-डंडों से पीटाई की। इस हमले में बिसला अहिरवार, उनकी पत्नी दस्सी और बेटे अरविंद तीनों घायल हो गए।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि यह घटना गांव में शराब के ठेके से जुड़े कारोबार से संबंधित है। शराब के कारोबार से जुड़े राणा सिंह और उसके साथियों ने ही इस घटना को अंजाम दिया। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों ने दारू कंपनी के गुर्गों की तरह व्यवहार किया और गुटखा न देने पर बदला लिया।

घटना के बाद गांव में भय का माहौल है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में फायरिंग की आवाजें, पथराव और मारपीट के दृश्य साफ दिख रहे हैं, जिससे लोगों में आक्रोश है। बमीठा थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## पुरानी रंजिश में युवक की बाइक रोककर की गई मारपीट

**घायल ने पुलिस पर मामूली धाराओं में मामला दर्ज करने का लगाया आरोप**



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ क्रूर मारपीट की घटना सामने आई है। घटना में घायल युवक ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि उन्होंने मामले में केवल मामूली धाराओं के तहत ही प्रकरण दर्ज किया है, जिससे उसे उचित न्याय नहीं मिल पा रहा है।

जानकारी के अनुसार, मरई माता मंदिर के पास रहने वाले 26 वर्षीय एहसान अली रात के समय बस स्टैंड से अपने घर लौट रहे थे। वह अपने मित्र तालिब खान के साथ बाइक पर सवार थे। जैसे ही वे मरई मंदिर तिराहे के पास पहुंचे, तभी सनत उर्फ सुमित उर्फ हल्की ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनकी बाइक रोक ली।

आरोप है कि करीब पांच साल पहले हुए किसी आपसी विवाद की रंजिश को लेकर आरोपियों ने एहसान अली पर जानलेवा हमला कर दिया और जमकर मारपीट की। हमले में एहसान अली गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

घायल एहसान अली ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने इस गंभीर घटना में केवल मामूली धाराओं के तहत ही मामला दर्ज किया है, जिससे आरोपियों को आसानी से जमानत मिल सकती है और उन्हें सख्त सजा नहीं मिल पाएगी। उन्होंने न्याय की मांग की है और उचित धाराओं में केस दर्ज करने की अपील की है।

वहीं, पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना मिलते ही प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और यदि कोई गंभीर धारा लगाने योग्य तथ्य सामने आते हैं, तो उन्हें भी शामिल किया जाएगा।

## मातम में बदलीं भाई दूज की खुशियां

**मौसी के घर आए भाई-बहन तालाब में डूबे, भाई की मौत**



**छतरपुर।** जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरमऊ में गुरुवार की सुबह एक ऐसी हृदयविदारक घटना घटी, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। भाई-दूज के पावन पर्व पर, जहां बहनें अपने भाई की लंबी उम्र की कामना कर रही थीं, वहीं पुरमऊ के तालाब में नहाने गए एक मासूम भाई की डूबने से मौत हो गई। अपने भाई को काल के गाल से खींचने के लिए तालाब में कूदी 12 वर्षीय बहन भी गहरे पानी में समा गई, जिसकी हालत फिलहाल बेहद गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 वर्षीय मृतक अमित रैकवार अपनी बड़ी बहन 12 वर्षीय नैंसी और मां शकुंतला के साथ होली का त्यौहार मनाने महोबा जिले के पवा गांव से अपने मौसाजी छोटेलाल रैकवार के घर ग्राम पुरमऊ आया था। गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे दोनों भाई-बहन गांव के पास स्थित तालाब में नहाने चले गए। नहाते समय अचानक अमित गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। भाई को तड़पता देख बहन नैंसी ने अपनी जान की परवाह किए बिना उसे बचाने के लिए तालाब में छलांग लगा दी। हालांकि, पानी गहरा होने के कारण वह भाई को तो नहीं बचा सकी और खुद भी डूबने लगी। तालाब किनारे बच्चों को डूबता देख ग्रामीणों ने शोर मचाया और तुरंत पानी में कूदकर दोनों को बाहर निकाला। लेकिन तब तक नियति अपना क्रूर खेल खेल चुकी थी, नन्हे अमित की सांसें थम चुकी थीं। गंभीर हालत में नैंसी को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उसे बचाने का प्रयास कर रही है। वहीं अमित के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवाया गया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद रैकवार परिवार और पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। जिस घर में भाई-दूज के पकवान बनने थे, वहां अब अपनों की चीखें सुनाई दे रही हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खेत में पानी डालने को लेकर विवाद

**लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से हमला, दो युवक गंभीर घायल**



**छतरपुर।** छतरपुर जिले के चंदला थाना क्षेत्र के ग्राम लहरपुर में सिंचाई के पानी को लेकर हुए छोटे-मोटे विवाद ने रातोंरात खतरनाक रूप धारण कर लिया। आरोप है कि कुछ ग्रामीणों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से जमकर मारपीट की, जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना बीती रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। होली के मौके पर अनिल साहू (21 वर्ष) और छोटू साहू (19 वर्ष) अपने परिवार के साथ घर पर थे। इसी दौरान गांव के ही झल्लू साहू, सुखमर और संजू उनके घर पहुंचे और खेत में पानी जाने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। बात बढ़ते-बढ़ते गाली-गलौज में बदल गई।जब अनिल ने विवाद को शांत करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उस पर कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर दिया। इसके बाद लाठी-डंडों से दोनों भाइयों पर बेरहमी से हमला किया गया। मारपीट इतनी तेज थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।परिजनों ने तुरंत दोनों घायलों को चंदला उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। चंदला थाना पुलिस ने इस घटना में प्रकरण दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पुलिस ने जुआ फड़ पर मारा छापा, 14 जुआरी गिरफ्तार



**छतरपुर।** पुलिस द्वारा जुआ सट्टा खेलने वालों एवं संचालन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इस हेतु पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा पुलिस टीम गठित की गई है। थाना ओरछा पुलिस को विगत दिवस क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम सौरा में जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई, पुलिस टीम ग्राम सौरा पावर हाउस के आगे पहुंची। मैदान में संचालित जुंवा के फड़ में जुआ खेल रहे 14 जुआरी पुरषोत्तम असाटी पिता रामेश्वर असाटी निवासी असाटी मुहल्ला छतरपुर, शिवम सोनी पिता पुरषोत्तम सोनी निवासी सिद्ध गनेश मार्ग छतरपुर, नीलेश असाटी पिता मुन्नी लाल असाटी निवासी असाटी मुहल्ला छतरपुर, महेन्द्र असाटी पिता रज्जन असाटी निवासी असाटी मुहल्ला छतरपुर, रोहित पटैरिया पिता सज्जन पटैरिया निवासी सिंधी कालोनी छतरपुर, रामू असाटी पिता रामेश्वर असाटी निवासी असाटी मुहल्ला छतरपुर, राजेश अग्रवाल पिता सीताराम अग्रवाल निवासी सिंधी कालोनी छतरपुर, विवेक अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी सौरा पावर हाउस के पास थाना ओरछा रोड छतरपुर, संजीव गुप्ता पिता रमेशचंद्र गुप्ता निवासी गल्ला मंडी छतरपुर, वेदांत असाटी पिता संत कुमार असाटी निवासी हटवारा मुहल्ला छतरपुर , आलोक असाटी पिता रामकुमार असाटी निवासी हटवारा मोहल्ला छतरपुर, संजय कटारे पिता आर.सी. कटारे निवासी हटवारा मोहल्ला छतरपुर, आशीष गुप्ता पिता रामसिया गुप्ता निवासी विश्वनाथ कालोनी छतरपुर, संजीव कुमार अग्रवाल पिता महेशचन्द्र अग्रवाल निवासी हटवारा मुहल्ला छतरपुर को पकड़ा गया है। जुआ के फड़ से 1,50,310 रुपये नगद राशि एवं चार एक्टिवा स्कूटी एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल सहित कुल संपत्ति करीब 7 लाख रुपए बरामद की गई। अभियुक्तों के विरुद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की धारा में अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गई, विवेचना कार्यवाही जारी है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ओरछा रोड आईपीएस(पी) लेखराज मीणा, उप निरीक्षक दीपक यादव, उ नि एच के द्विवेदी, सउनि सुरेश कुमार, प्रधान आरक्षक हितेंद्र दुबे, राजन सिंह, राहुल पटेरिया, रविकांत, राकेश, भान सिंह, आरक्षक भूपेंद्र यादव, महेश, रविंद्र यादव, सुरेंद्र तिवारी, सैनिक राम लखन एवं टीम की भूमिका रही।

# बागेश्वर महाराज का संदेश: रंग से नहीं, रंग बदलने वालों से बचें

**बागेश्वर धाम में रंग, भक्ति, परंपरा और उल्लास की अनोखी होली**





**छतरपुर।** दुनिया भर में श्रद्धा, आस्था, भक्ति और सनातन संस्कारों का केंद्र बने बागेश्वर धाम में इस वर्ष भी होली का पर्व आध्यात्मिक रंगों और भक्तिमय उल्लास के साथ मनाया गया। धाम परिसर गुलाल, पुष्प वर्षा और भगवा रंग से सराबोर दिखाई दिया। हजारों श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के बीच सनातन संस्कृति की परंपरागत होली का आनंद लिया। गीत संगीत की प्रस्तुतियों के दौरान लोग झूमते दिखाई दिए। बागेश्वर महाराज ने देशभर से आए लोगों को शुभकामनाएं दी और शुभकामनाएं स्वीकार भी की।

एक दिवसीय बुंदेली होली महोत्सव के अवसर पर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा रंगों से नहीं, रंग बदलने वालों से बचें। जीवन में ऐसे लोगों से सावधान रहें जो परिस्थितियों के अनुसार अपना स्वरूप बदल लेते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु कृपा का रंग ऐसा होता है जो जीवन भर बना रहता है और व्यक्ति के चरित्र, विचार और कर्म को उज्ज्वल करता है।

धाम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली, भक्ति संगीत और धार्मिक अनुष्ठानों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु जय श्री राम और हर हर महादेव के जयकारों के साथ आध्यात्मिक रंग में डूबे नजर आए।

बागेश्वर धाम की यह होली केवल उत्सव नहीं, बल्कि सनातन परंपरा, आस्था और सामाजिक एकता का संदेश भी बनकर सामने आई। भक्तों का कहना है कि यहां की होली में रंग के साथ-साथ संस्कार और श्रद्धा की भी सुगंध घुली रहती है। विदेशी सैलानी भी आनंद में डूबे दिखाई दिए। इटली की जैस्मिन ने कहा कि उनके यहां होली जैसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं होता। यहां आकर मन आनंदित हो गया। वहीं महाराज श्री से भेंट के बाद उनकी अनुभूति अविस्मरणीय रही।

## खजुराहो में विदेशी पर्यटकों ने रंग, गुलाल से खेली होली




विश्व पर्यटन स्थल खजुराहो में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान यहां आए विदेशी सैलानियों ने जमकर होली खेली और खूब रंग और गुलाल उड़ाया,पर्यटकों ने डी.जे.पर बज रहे भारतीय फिल्मों के होली के गीतों पर जमकर डांस किया। नगर के प्रसिद्ध मेडिटरेनियन रेस्तरां में जर्मनी से ग्रुप में आए विदेशी पर्यटकों ने जमकर होली का त्यौहार मनाया,जहां पर विदेशी पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों ने भी इनके साथ होली त्यौहार का मजा लिया। गौरतलब है कि खजुराहो में रंगों के पर्व होली का मजा लेने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आये, यहां के स्टार रेटिंग तथा बजट क्लास होटलों में होली का त्यौहार मनाने के खास इंतजाम किए गए थे, सुबह से ही नगर में विदेशी सैलानी जगह जगह होली खेलते नजर आए। होली खेल रहे जर्मनी से आए पर्यटकों ने बताया कि वे स्पेशल रूप से इंडिया की होली का फेस्टिवल मनाने खजुराहो आये हैं और हम सभी बहुत मजा कर रहे हैं।

## हिंडालको - महान में "शुभारम्भ फाउंडेशन टू फ्यूचर" कार्यक्रम

# नवागत साथियों का स्वागत, 25 वर्ष पूर्ण करने वाले अधिकारियों का सम्मान







"फाउंडेशन टू फ्यूचर" थीम के अंतर्गत हिंडालको - महान में "शुभारम्भ" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंडालको - महान से जुड़े नवागत कर्मचारियों एवं उनके परिवारों का स्वागत किया गया, साथ ही आदित्य बिड़ला समूह में 25 वर्ष की अनवरत सेवा पूर्ण करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में 25 से अधिक नए ज्वाइनर्स अपने परिवारों के साथ शामिल हुए, जिससे आयोजन में आत्मीयता और पारिवारिक माहौल की विशेष अनुभूति रही।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मानव संसाधन प्रमुख ने स्वागत भाषण में "शुभारम्भ" की अवधारणा स्पष्ट करते हुए कहा कि यह केवल औपचारिक परिचय का मंच नहीं, बल्कि संगठन और परिवार के बीच विश्वास और जुड़ाव को मजबूत करने का अवसर है। इस अवसर पर नवागत इकाई प्रमुख लिनु पंचमन, एस.सेंथिल नाथ, प्रोजेक्ट हेड पी. वी. कृष्णा और एस. शशि कुमार ने अपने विचार रखे। नेतृत्व टीम ने कहा कि हिंडालको - महान में प्रतिभा का मूल्यांकन केवल कार्य निष्पादन से नहीं, बल्कि मूल्यों, सहयोग और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता से किया जाता है। नवागत इकाई प्रमुख लिनु पंचमन ने कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी टीम और उनके परिवार होते हैं। उन्होंने नवागत साथियों से नवाचार, सुरक्षा और उत्कृष्टता को अपने कार्य का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। प्रोजेक्ट हेड सेंथिल नाथ ने 25 वर्ष पूर्ण करने वाले अधिकारियों को संस्था की जीवंत विरासत बताते हुए कहा कि उनका अनुभव और समर्पण नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। पी. वी. कृष्णा ने टीमवर्क और अनुशासन को सफलता की आधारशिला बताया। एस. शशि कुमार ने नए साथियों को निरंतर सीखने और संगठनात्मक संस्कृति को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में नवागत ज्वाइनर्स ने रैंप वॉक के माध्यम से अपना परिचय दिया। गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। परिवारों की सहभागिता ने आयोजन को और अधिक जीवंत बना दिया।

**इस दौरान आदित्य बिड़ला समूह में 25 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले सात अधिकारियों**

अशेष अनुनय शरण,
दीप्ती शरण,
जय प्रकाश सिंह,
लाल बहादुर यादव,
नन्द यादव,
बापी डिन्डा एवं
अनिल सिंह —
को रजत पट्टिका स्मारिका प्रदान कर सम्मानित किया गया।

नवागत ज्वाइनर्स के सहयोगी साथियों — तरुण कुशवाहा, विवेक शर्मा, प्रियंका शर्मा, सुमन मैती, रमेश चक्रधर और विपुल सिंह — को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कॉस्ट हाउस प्रमुख संजय चतुर्वेदी ने अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को प्रभावित किया। उनके योगदान के लिए उन्हें भी सम्मानित किया गया।

समापन सत्र में मानव संसाधन विभाग से प्रणव सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विश्वास, जुड़ाव और साझा संस्कृति का उत्सव है। उन्होंने सभी परिवारों, वरिष्ठ नेतृत्व, योजना समिति, कार्यान्वयन टीम तथा **HR** और **ER** टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में उत्कर्ष, दीपक संकोलिया, मधुरेंद्र राय, विनय तिवारी, जेनी, अर्चना, श्वेता, आदर्श, मोहित, नीरज गुप्ता, ओम प्रकाश गेरूला तथा क्लब हाउस के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

"फाउंडेशन टू फ्यूचर" थीम के साथ आयोजित यह कार्यक्रम हिंडालको - महान में नई शुरुआत और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के उत्सव के रूप में यादगार बन गया। आयोजन ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि किसी भी संस्था की वास्तविक पहचान उसकी एकजुट टीम और मजबूत पारिवारिक संस्कृति होती है।

## एनसीएल की झिंगुरदा परियोजना ने परिवार परामर्श शिविर का किया आयोजन



नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की झिंगुरदा परियोजना ने गत शनिवार को अधिकारी क्लब, झिंगुरदा में कर्मियों हेतु परिवार परामर्श शिविर का आयोजन किया। परामर्श शिविर के दौरान उपस्थित कर्मियों एवं उनके परिवारजनों को कार्य-जीवन संतुलन, व्यक्तित्व निर्माण और बेहतर जीवन शैली के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी और तनाव मुक्त जीवन जीने के सूत्र भी साझा किए। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबन्धक (झिंगुरदा), असीम कुमार बाग सहित परियोजना जेसीसी सदस्य एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गृहणियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। अंत में उन्हें पुरुस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। गौरतलब है कि एनसीएल के द्वारा समय- समय पर कर्मियों की बेहतर जीवन शैली हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

## खबर संक्षेप

### अर्बन प्रोजेक्ट के सेवानिवृत्त डायरेक्टर एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के दामाद एबी लाल का निधन



**रीवा** । मध्य प्रदेश शासन के अर्बन प्रोजेक्ट के डायरेक्टर पद से सेवानिवृत इंजी. आनंद बिहारी लाल का गत रविवार को भोपाल में निधन हो गया। उनका विवाह रीवा के प्रख्यात ताम्रपत्रधारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ओंकारनाथ खरे की मंझली पुत्री माधुरी के साथ हुआ था। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे के बहनोई आनंद बिहारी लाल ने सन 1977 से 1981 तक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में जॉइंट डायरेक्टर पद पर रीवा में रहते हुए यहां के मास्टर प्लान तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। शैक्षणिक योग्यता में रुड़की स्थित देश के नामी-गिरामी इंजीनियरिंग कॉलेज से उपाधि लेने के बाद उन्होंने मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न पदों पर कार्य किया। नर्मदा वैली प्रोजेक्ट पर भी काम किया। हाउसिंग बोर्ड की कमान भी संभाली। प्रभावशाली प्रशासनिक क्षमता के बल पर उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। 5 मार्च गुरुवार को उनकी अस्थियों को प्रयागराज गंगा संगम में प्रवाहित किया गया। समता सम्पर्क अभियान, नारी चेतना मंच, विंध्याचल जन आंदोलन एवं समाजवादी कार्यकर्ता समूह के द्वारा उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उनकी धर्मपत्नी माधुरी लाल, दो बेटे एक बेटी सहित भरा पूरा परिवार एवं निकट संबंधियों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने के साथ दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई।

### भाई ने लगाया बहन की हत्या का जीजा पर आरोप

**रीवा** । जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मडवा बासा के जमुनिया टोला में एक महिला की मौत के बाद मृतका के भाई ने पति पर जला कर हत्या का आरोप लगाया है पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है घटना के संबंध में मृतका सपना साकेत के भाई ललन साकेत ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि तकरीबन 11 बजे उसका जीजा चूड़ामणि साकेत शराब के नशे में कुछ लोगों के साथ आया और घर के अंदर घुसने लगा,जिसका विरोध बहन ने किया तो जीजा ने पहले बहन के साथ मारपीट की और उसके बाद घर में आग लगा दी जिसके चलते उसकी बहन बुरी तरह से झुलस गई,गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई,वहीं घटना के दौरान उसका जीजा भी झुलस गया है जिसका उपचार अस्पताल में जारी है,मृतिका के भाई ने कहा कि शराब के नशे में उसकी बहन को जीजा ने जलाकर मार डाला है।

### उप मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की समीक्षा की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने न्यू सर्किट हाउस राजनिवास में आयोजित बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने हिनौती गौधाम में 25 हजार गौवंश के संरक्षण के लिये शेड निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि शेड निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो तथा समय सीमा में पूरा हो। उन्होंने बाउण्ड्रीबाल निर्माण सहित शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। रीवा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण कार्य में सभी औपचारिकताओं की पूर्ति सुनिश्चित कराकर कार्य को गति देने के निर्देश उप मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये। बैठक में अजगरहा से इटहा, नीम चौराहा से मनकहरी तथा गड्डी रोड के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान अद्यतन स्थिति की उप मुख्यमंत्री ने जानकारी ली।

# बढ़ेगा जमीन का बाजार मूल्यः शहर में 605 लोकेशन चिन्हित पंजीयन विभाग ने तैयार किया डाटा, जमीन खरीदने चुकानी होगी ज्यादा कीमत

रीवा।




अप्रैल माह से प्रापर्टी की कीमत ज्यादा हो जाएगी। मसलन प्रापर्टी खरीदने लोगों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी। पंजीयन कार्यालय ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए प्रापर्टी की खरीदी-बिक्री के लिए जो नई गाइड लाइन तैयार की है, उसके अनुरूप अप्रैल माह से शहर और शहर से सटे क्षेत्रों में 605 स्थानों पर जमीन का बाजार मूल्य बढ़ जाएगा। उन स्थानों पर जमीन का बाजार मूल्य बढ़ाया जा रहा है, जहां इस वर्ष ज्यादा संख्या में रजिस्ट्री हुई है अथवा जहां ज्यादा कीमत पर जमीन की रजिस्ट्री कराई गई है। बताया गया है कि शहर और शहर से सटे क्षेत्रों में जो 605 लोकेशन चिन्हित किए गए हैं, उसमें जमीन का बाजार मूल्य औसत 15.95 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है। इसमें से लोकेशन ऐसी हैं, जहां से 50 प्रतिशत और 14 लोकेशन ऐसी हैं, जहां 50 से 100 प्रतिशत तक जमीन के बाजार मूल्य के बढ़ने की संभावना है। बताया गया है कि हुजूर तहसील में 963 लोकेशन हैं, जिसमें 358 लोकेशन पर जमीन के बाजार मूल्य में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। इस संबंध में जिला पंजीयक संध्या सिंह ने बताया कि विभाग ने आरंभिक तैयारी की है। इसके बाद इस जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में रखा जाएगा,उन्होंने कहा कि जहां जमीन की ज्यादा खरीदी हुई है, वहां बाजार मूल्य बढ़ाया जा रहा है। बता दे जिले में 3 लोकेशन इस बार ऐसे हैं, जिन्हें मर्ज कर लिया गया है। इसी वजह से अगले वित्तीय वर्ष में लोकेशन की संख्या 3 कम हो गई है। बताया गया है कि हुजूर तहसीलमें 2 और सिरमौर तहसील में एक लोकेशन मर्ज किया गया है। सूत्रों के अलावा समीप में होने की वजह से इन तीनों लोकेशन में जमीन का बाजार मूल्य अलग-अलग था।13.32 प्रतिशत औसत वृद्धि की तैयारीपंजीयन विभाग ने रीवा और मऊगंज जिले में कुल 1954 लोकेशन पर जमीन का बाजार मूल्य औसत 13.32 प्रतिशत तक बढ़ाने की तैयारी की है। इससे दोनों जिलों में जमीनों के भाव बढ़ जाएंगे। जिले में कुल 3942 लोकेशन हैं, जिसमें से 1988 लोकेशन पर कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है।सिर्फ एक विशिष्ट ग्राम चिन्हितअगले वित्तीय वर्ष के लिए जो सरकारी गाइड लाइन तैयार की जा रही है, उसमें सिर्फ एक विशिष्ट ग्राम को जोड़ा गया है। विशिष्ट ग्राम बेलहा हुजूर तहसील के अंतर्गत स्थित है। यहां पिछले दो वर्षों में जमीन की काफी अधिक मात्रा में खरीदी हुई है।मऊगंज-हनुमना में 100 प्रतिशत से ज्यादा हो सकती है वृद्धिमऊगंज जिले सहित हनुमना तहसील में जमीन का बाजार मूल्य 100 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ सकता है। मसलन मऊगंज में 5 और हनुमना में 12 लोकेशन ऐसे हैं, जहां बाजार मूल्य 100 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ाए जाने की तैयारी की गई है। सूत्रों के अनुसार यहां नेशनल हाइवे के अंदर की जमीन का बाजार मूल्य ज्यादा था, जबकि एनएच से सटी जमीन का कम इस वजह से एनएच से जमीनों का बजार मूल्य 100 प्रतिशत से अधिक बढ़ाया जा रहा है।

## सपाक्स पार्टी कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों की होली मिलन समारोह बैठक का हुआ आयोजन

**रीवा।** सपाक्स पार्टी रीवा बैठक में होली मिलन बधाई उपरांत यूजीसी एक्ट के विरोध में 8 मार्च को दिल्ली विरोध प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुचने की अपील की गई साथ ही 14 मार्च को पन्ना में आयोजित कार्यक्रम सामाजिक समरसता एवं सदभाव व तारीख 15 को भोपाल कार्यक्रम सर्वसमाज में शामिल होने की भी योजना बनाई गई जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम में इं देवेंद्र सिंह राष्ट्रीय महासचिव, डां पंकज कुमार श्रीवास्तव जिला संरक्षक, रमाशंकर दुबे जिला मीडिया प्रभारी, डॉ तोषण सिंह जिला महा सचिव, आजाद चौहान युवा शहर अध्यक्ष, आदर्श शुक्ला युवा ग्रामीण अध्यक्ष, संतोष तिवारी, इं संजय सिंह, एड0 संजयसिंह, विजय शंकर शर्मा, अमरीश सोंधिया, अनामिका सेन महिला इकाई आदि काफी संख्या सपाक्सी जन उपस्थित रहे ।



## होली पर्व पर उप मुख्यमंत्री ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन किये

**रीवा** । होली पर्व पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर आशिर्वाद प्राप्त किया तथा प्रदेश वासियों की सुख, समृद्धि एवं मंगल कामना की। उन्होंने भगवान जगन्नाथ के महाप्रसाद कढ़ी-भात एवं खीर का श्रृद्धालुओं को वितरण कर पुण्य कार्य में सेवाभाव से सहभागिता की।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रंगों का त्योहार होली, डिप्टी सीएम ने गाया फाग, शहर से लेकर गांव तक उड़े रंग-गुलाल, फाग गीतों के बीच लोगों ने दी शुभकामनाएं, चप्पे-चप्पे पर रहा पुलिस का पहरा

रीवा












जिले में होली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होने के कारण होली का पर्व 4 मार्च को बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई दी और सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। घर-घर में लोग रंगों और अबीर-गुलाल से होली खेलते रहे। देवर-भाभियों ने जमकर एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। कई जगह तो रंग से बनाए गए कई बाल्टी पानी डालकर एक-दूसरे को खूब भिगोया। होली मिलने वालों के स्वागत में घर-घर में गुझिया, मिठाई, फल, मेवे, चिप्स, पापड़ आदि खिलाए गए। गली मुहल्लों में लोगों की टोली मस्ती में होली गीत गाते हुए चल रही थी। महिलाएं और पुरुष समान रूप से होली मिलते देखे गए। होली पर्व पर शहर भर में विभिन्न स्थानों पर बैठकी होली का आयोजन भी किया गया। सुबह सात बजे से ही होल्यारों की टोली परंपरागत श्वेत वस्त्र पहनकर अपने परिजनों, मित्रों, नजदीकी रिश्तेदारों, कालोनी में रहने वाले लोगों को अबीर गुलाल लगा रहे थे और गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई दे रहे थे। युवाओं की टोलियां विभिन्न जगहों पर मस्ती से झूम रहे थे। सभी घरों में समान रूप से होल्यारों का स्वागत किया जा रहा था। कई स्थानों पर सामूहिक होली गायन भी किया गया।चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की कड़ी निगरानीहोली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए रीवा पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा, पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने खुद मैदान में उतरकर शहर के विभिन्न इलाकों में भ्रमण किया,वही शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भी पुलिस अलग-अलग पार्टी की लगातार गशत रही। पुलिस टीम द्वारा चिन्हित संवेदनशील स्थानों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती गई। पुलिस अधिकारी और कर्मचारी पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई। पुलिस द्वारा 24 घंटे निगरानी रखी गई, होली का त्योहार शांति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। उप मुख्यमंत्री के निवास पर हुआ होली मिलनउप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होली महापर्व पर अपनों के संग होली के रंग में रंगे रहे। उन्होंने सभी से आत्मीयता से मिलते हुए होली की शुभकामना दी तथा लोगों ने भी उप मुख्यमंत्री जी को अबीर-गुलाल लगाया। उप मुख्यमंत्री के अमहिया निवास में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने स्थानीयजनों के साथ होली खेलते हुए फाग का गायन किया तथा फाग गायन के दौरान बजाये जाने वाले परंपरागत वाद्य नगरिया का वादन भी किया। शांति पूर्वक होली का त्योहार संपन्न कराने के बाद पुलिस ने धूमधाम से खेली होलीशहर में गुरुवार को पुलिस की होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पुलिस महकमे में भी रंगों की जमकर बारिश देखने को मिली। पुलिस लाइन में पुलिस की होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। पुलिस के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने एक साथ मिलकर रंगों की मस्ती का आनंद लिया और डीजे की धुन पर जमकर डांस किया।होली मिलन समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला। आईजी गौरव राजपूत ने बॉलीवुड फिल्म के मैं हूं डॉन गाने पर जमकर ठुमके लगाए। आईजी के इस उत्साह ने पूरे कार्यक्रम का रंग और भी बढ़ा दिया। वहीं, एसपी शैलेंद्र सिंह भी रंगों में सराबोर होकर डांस फ्लोर पर उतरे और गानों पर जमकर थिरके। अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस महकमे के कर्मचारी और जवान भी मस्ती में किसी से पीछे नहीं रहे। जवानों ने पारंपरिक पिचकारी, गुलाल और रंगों के साथ एक-दूसरे के साथ होली खेली। कार्यक्रम में हंसी-ठिठोली और गानों के बीच अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच एकजुटता, सहयोग और उत्साह का शानदार माहौल दिखाई दिया। आईजी गौरव राजपूत ने फिल्मी गाना गाकर पुलिसकर्मियों का उत्साह वर्धन किया साथ ही पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने भी फिल्मी गाना गाकर पुलिसकर्मियों के साथ ठुमके लगाए।

## सोलर प्लेट साफ करते समय युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मौत, परिजनों ने भाजपा नेता पर लगाया दबाव का आरोप

रीवा।



शहर के एक प्रतिष्ठित व्यापारी और भाजपा नेता के घर बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें सोलर प्लेट की सफाई करने गए एक युवक की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया और संतुलन बिगड़ने के कारण छत से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान आशीष गौतम के रूप में हुई है, जो रीवा का ही रहने वाला था और खुद की एक छोटी सोलर कंपनी संचालित करता था। घटना के बाद परिजनों ने भाजपा नेता जयंत खन्ना पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि होली के त्योहार की छुट्टी होने के बावजूद दबाव डालकर आशीष को काम के लिए बुलाया गया था।छत से गुजर रही थी 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइनपरिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब आशीष गौतम शहर के व्यापारी और भाजपा नेता जयंत खन्ना के आवास की छत पर लगी सोलर प्लेटों की सफाई कर रहा था। इसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रही करीब 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में वह आ गया। करंट लगते ही आशीष बुरी तरह झुलस गया और संतुलन खो बैठा। इसके बाद वह सीधे छत से नीचे गिर पड़ा। गिरने के कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी हालत अत्यंत नाजुक हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना आशीष के छोटे भाई को फोन पर दी गई। इसके बाद वह मौके पर पहुंचा और गंभीर हालत में आशीष को संजय गांधी अस्पताल, लेकर आए जहां डॉक्टरों की टीम ने आशीष गौतम को मृत घोषित कर दिया।परिजनों ने लगाया दबाव में काम कराने का आरोपमृतक के परिजनों ने भाजपा नेता जयंत खन्ना पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि होली के त्योहार के कारण उस दिन छुट्टी थी, फिर भी जयंत खन्ना ने दबाव बनाकर आशीष को अपने घर सोलर प्लेट साफ करने के लिए बुलाया था। परिजनों के अनुसार, यदि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होते या हाईटेंशन लाइन के पास काम करने से पहले सावधानी बरती जाती तो यह हादसा टाला जा सकता था।

# मऊगंज में खूनी होली, पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, एक की मौत, कई घायल



**रीवा।** मऊगंज जिले में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें 55 वर्षीय रघुवीर पटेल की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, घटना के बाद गांव में भारी आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार करने से मना करते हुए जमकर हंगामा दिया, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया,पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। घटना मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के ढाबा गौतमान गांव की है, बताया जा रहा है कि रघुवीर पटेल के बेटे पूरन लाल का गांव के ही साकेत परिवार की एक लड़की से कथित प्रेम प्रसंग था. करीब दो साल पहले दोनों के घर से भागने का मामला सामने आया था,उस समय युवती के बयान के आधार पर पूरन लाल के खिलाफ केस दर्ज हुआ था, लेकिन बाद में कोर्ट ने उसे बरी कर दिया. इसके बाद से दोनों परिवारों के बीच रंजिश चली आ रही थी।मिली जानकारी अनुसार होली के दिन 4 मार्च को साकेत परिवार के करीब 18 से 20 लोगों ने पूरन लाल पटेल के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी. शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे रघुवीर पटेल को भी आरोपियों ने बुरी तरह पीटा. इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर संघर्ष हुआ। मारपीट में रघुवीर पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया,उनके साथ उनकी पत्नी, बेटा पूरन लाल पटेल और संदीप पटेल भी घायल हो गए,सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान रघुवीर पटेल की मौत हो गई. वहीं, दूसरे पक्ष के साकेत परिवार के भी करीब पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है।पुलिस ने मामले में हत्या का मामला दर्ज कर कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गांव में तनाव, पुलिस तैनातरघुवीर पटेल की मौत के बाद पोस्टमार्टम कराया गया, लेकिन ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार से इनकार कर हंगामा शुरू कर दिया. इसके चलते गांव में तनाव का माहौल बन गया है. स्थिति को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई. मऊगंज के एसडीओपी सची पाठक भी मौके पर पहुंचकर हालात पर नजर बनाए हुए हैं

## जल संरक्षण कार्यों में जन भागीदारी सुनिश्चित करें - मुख्यमंत्री

# जल गंगा संवर्धन अभियान में परंपरागत जल स्त्रोतों का होगा जीर्णोद्धार

मऊगंज



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से आरंभ होगा। अभियान के तहत गत वर्ष की कार्ययोजना में शामिल सभी अधूरे कार्यों को पूरा करायें। अभियान में नये जल संरक्षण कार्यों के साथ-साथ परंपरागत जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार करायें। जल संरक्षण के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाये। जल गंगा संवर्धन अभियान से हो रहे जल संरक्षण के कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित करें। सभी कलेक्टर अभियान की पूरी कार्य योजना तैयार करे लें कार्ययोजना में गांव का पानी गांव और खेत का पानी खेत में बचाने के लिए जल संरक्षण का कार्य शामिल करें। नदियों के उद्गम स्थलों तथा जलाशयों के साफ-सफाई एवं इनके कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तत्परता से करें। चंबल, नर्मदा और क्षिप्रा नदियों के उद्गम स्थलों पर जल संरक्षण के विशेष आयोजन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में विभिन्न विभागों को शामिल किया गया है। सभी विभाग समन्वय बनाकर जल संवर्धन और जल संरक्षण के कार्य करें। सभी विभाग जल शक्ति मंत्रालय के पोर्टल पर जल संरक्षण के कार्यों का अपलोड करायें। नहरों की साफ-सफाई, बांधों के कटाव को रोकने तथा वृक्षारोपण के कार्य अनिवार्य रूप से करायें। आंगनवाड़ी केन्द्र भवन सहित सभी शासकीय भवनों में रूफ वाटर हार्वेस्टग सिस्टम लगाये। जन जागरूकता के लिए जल रैली, प्रभातफेरी, जल परिक्रमा आयोजित करें। सभी कलेक्टर 16 मार्च तक जिला स्तरीय बैठक आयोजित कर अभियान की कार्ययोजना बनाये। इसमें जनप्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संस्थाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में सभी आवेदन पत्रों का निराकरण करें। कलेक्टर जिला स्तरीय शिविरों का शीघ्र आयोजन करायें। खाड़ी के देशों में युद्ध की स्थिति में यदि कोई मध्यप्रदेश का निवासी फसा है तो उसे हर संभव सहायता दी जायेगी। इसके लिए जारी हेल्पलाइन नंबर और कंट्रोल रूम के नंबरों का प्रचार प्रसार करें। समर्थन मूल्य पर गेंहू के उपार्जन के लिए आवश्यक तैयारियां कर ले। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी स्कूलों तथा छात्रावासों का निरीक्षण करें। स्कूलों में अगले शिक्षण सत्र की तैयारी भी शुरू करा दें। रोजगार मूलक पाठक्रमों के लिए विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन की व्यवस्था करें। प्रदेश में वर्तमान वर्ष को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों को प्रमुख कार्यक्रमों और समारोहों के दौरान प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित करें। कलेक्टर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समुचित आपूर्ति के लिए तत्काल कार्ययोजना बना ले। हर बसाहट में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। वीडियों कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपये का हुआ भुगतान

**मऊगंज। मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा पन्नी जिला मऊगंज ने त्वरित प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा क्लेम कर एक आदर्श स्थापित किया, बता दे कि ग्राहक स्वर्गीय रामपति कुशवाहा का दिनांक 15 जनवरी 2026 को दुखद निधन हो गया था। उनके निधन के उपरांत उनकी पत्नी कौशल्या कुशवाहा को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा क्लेम हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।**



बैंक द्वारा आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण कराते हुए एक हफ्ते मे 2,00,000 (दो लाख रुपये) की बीमा क्लेम राशि श्रीमती कौशल्या कुशवाहा के खाते में जमा करा दी गई। बैंक मैनेजर अभय राज सिन्हा और उनके स्टाफ ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना कम प्रीमियम में परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है जिसमें मात्र 436 रूपय मे किसी भी प्रकार से मृत्यु होने पर बैंक द्वारा 2 लाख की भुगतान किया जाता है, एसे ही मात्र 20 रुपये मे प्रधान मंत्री सुरक्षा योजना मे दुर्घटना होने पर स्थायी अपंगता मे 1 लाख और मृत्यु मे नोमानी को 2 लाख का भुगतान किया जाता है। बैंक ने क्षेत्र के सभी ग्राहकों से अपील की है कि वे इस योजना से जुड़कर अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें। इस अवसर पर भारतिय किसान संघ के सम्भाग संयोजक अरूणेंद सिंह पूर्व बैंक एफएलसी रामरतन मिश्रा आरोह फाउंडेशन से अंबुज सिंह और बैंक स्टाफ के उपास्थि मे सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।